>

Title: Need to construct a dam on river Falgu at Gaya-Bodhgaya in Bihar to provide irrigation facilities.

श्री हरी माझी (गया): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं सदन में एक महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं। मान्यवर, मैं अपने संसदीय क्षेत्र गया की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं कि गया-बौद्धगया एक पर्यटक स्थल है। यहां का जल स्तर काफी नीचे चला जाता है, जिससे लोगों को पानी के लिए बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। कभी-कभी तो जल मिलना भी कठिन हो जाता है, जिसके कारण जनता को काफी तकलीफ होती है।

मैं आपके माध्यम से जल संसाधन मंत्री जी से मांग करता हूं कि गया-बौद्धगया से जो फलगू नदी गुजरती है, उस पर एक बांध बनाया जाए। इसके बन जाने से वहां का जल स्तर ऊपर उठ जाएगा और जनता की कठिनाई भी दूर हो जाएगी।